# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/9287
दिनांक : 08.12.2020

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

विषयः– चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ द्वारा गठित समिति द्वारा प्रस्तावित शुल्क को शासन द्वारा अमान्य किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय/संस्थान/विश्वविद्यालय परिसर में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा प्रस्तावित शुल्क निर्धारण प्रस्ताव को विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–पी0ए0/1991 दिनांक 23.09.2019 के द्वारा अनुमोदन हेतु शासन को प्रेषित किया गया था। शासन द्वारा अपने संलग्न पत्र संख्या–1972/सत्तर–1–2020–16(74)/2016 दिनांक 09 अक्टूबर, 2020 के द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये फीस वृद्धि सम्बन्धी प्रस्ताव को अमान्य किया गया है।

अतः उक्त के क्रम में शासन के पत्र के आलोक एवं मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–सम्बद्धता/3688 दिनांक 17.09.2019 को अग्रिम आदेशों तक के लिये निरस्त किया जाता है, तथा विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क के सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत आदेश यथावत रहेगें।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,
08/12/2020
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,मेरठ।
04. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।
05. प्रभारी, वेबसाइट

कुलसचिव

संख्या–1972/सत्तर–1–2020–16(74)2016

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1

दिनांक 09 अक्टूबर,2020

विषयः– चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा गठित समिति द्वारा प्रस्तावित शुल्क निर्धारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0– पी0ए0/1991 दिनांक–23.09.2019 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा विभिन्न विषयों में शुल्क की वृद्धि करते हुए उपलब्ध कराए गये प्रस्ताव के परीक्षणोपरान्त यह पाया गया है कि चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की आय में वित्तीय वर्ष 2017–18 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018–19 में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तथा व्यय के सापेक्ष आय के आधिक्य (Surplus of income over expenditure) मद में वित्तीय वर्ष 2018–19 में 38 प्रतिशत की कमी आयी है। जिसका मुख्य कारण वित्तीय वर्ष 2018–19 में विश्वविद्यालय के आय गत व्यय में अत्यधिक वृद्धि होना रहा है।

3– उपर्युक्त के आलोक में यदि चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की ट्यूशन फीस (Tution Fee) तथा परीक्षा शुल्क (Examination Fee) में क्रमशः 10 प्रतिशत एवं 15 प्रतिशत की वृद्धि की जाती है तो गत वर्षो में इन मदों में प्राप्त शुल्क के सापेक्ष विश्वविद्यालय को रु0–14.00 करोड़ से रु0–15.00 करोड़ की अतिरिक्त शुल्क आय होने का अनुमान है।

4– विश्वविद्यालय की आय का सरप्लस, वित्तीय वर्ष 2015–16, 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 में क्रमशः रू0 65.18, 88.400, 81.95 एवं 50.56 करोड़ रहा है। वर्ष 2018–19 में व्यय में वृद्धि 25 प्रतिशत हुई है, जो विगत 03 वर्षो के सापेक्ष अनपेक्षित रूप से वृद्धि है। तथापि आय का सरप्लस रु0–50.56 करोड़ है। विश्वविद्यालय के आगामी वर्षो में व्यय के सापेक्ष आय के सरप्लस का अनुपात पूर्व वर्षो की भांति ही रहने की दशा में भी विश्वविद्यालय व्यय के सापेक्ष बचत की स्थिति में होगा।

5– उपर्युक्त के सन्दर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि सहारनपुर राज्य विश्वविद्यालय, सहारनपुर की स्थापना की गयी है, जिसका संचालन शीघ्र ही किया जाना प्रस्तावित है। अतः चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के क्षेत्राधिकार में सम्मिलित सहारनपुर जिले के 03 जनपद सहारनपुर, शामली एवं मुजफ्फरनगर उक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में सम्मिलित किये गये हैं। विश्वविद्यालय का संचालन शीघ्र ही प्रारम्भ किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सहारनपुर राज्य विश्वविद्यालय सहारनपुर की स्थापना के उपरान्त उसके 03 जनपदों के महाविद्यालय भी मेरठ विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार से अलग हो जायेंगे। महाविद्यालयों के मेरठ विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार से पृथक होने के उपरान्त विश्वविद्यालय के आय एवं व्यय का आकलन करने के पश्चात ही विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित शुल्क में वृद्धि के पुनरीक्षित प्रस्ताव पर आगामी वित्तीय वर्ष/शैक्षणिक सत्र में विचार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतएव उक्त स्थिति के दृष्टिगत चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा उपलब्ध कराए गये फीस वृद्धि सम्बन्धी प्रस्ताव दिनांक–23.09.2019 विचार किये जाने योग्य नहीं है।

भवदीय,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/3688
दिनांक : 17.9.2019

सेवा में,
समस्त विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय परिसर/प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/अध्यक्ष
सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित संस्थान
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः— चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित संस्थान एवं विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की फीस निर्धारण के सम्बंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की फीस निर्धारण हेतु गठित समिति की संस्तुति को मा0 कुलपति जी के अनुमोदनपरान्त निम्नलिखित फीस का निर्धारण किया गया है।

**ANNUAL FEE STRUCTURE OF UNIVERSITY CAMPUS AND COLLEGES FOR SELF FINANCED UG COURSES**

| S.NO. | COURSE NAME | COURSE DURATION | FEES IN 1ST YEAR (INCLUDING ONE TIME FEE) | FEE IN 2ND & IIIRD YEAR | FEE IN IV & Next Year | TUITION FEE | ANNEXURE NO. IN WHICH OTHER FEE DETAILS ARE SHOWN |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B.A. | 3 YEARS | 12865 | 10455 | | 7500 | 1 |
| 2 | B.COM. | 3 YEARS | 12865 | 10455 | | 7500 | 1 |
| 3 | B.Sc | 3 YEARS | 13865 | 11455 | | 7500 | 2 |
| 4 | B.Sc (Ag.) | 4 YEARS | 13865 | 11455 | | 7500 | 2 |
| 5 | BBA | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 6 | BCA | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 7 | B.Sc. (HOME SCIENCE) | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 8 | B.Sc. (BIOTECHNOLOGY) | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 9 | B.Sc. (MICROBIOLOGY) | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | B.Sc. (FOOD MICROBIOLOGY, SAFETY AND QUALITY CONTROL) | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 11 | B.J.M.C. | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 12 | B.I.S. | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 13 | LL.B | 3 YEARS | 36365 | 33955 | | 30000 | 2 |
| 14 | B.P.E.S | 3 YEARS | 39000 | 37000 | | 25000 | 7 |
| 15 | B.P.Ed | 2 YEARS | 59000 | 57000 | | 45000 | 7 |
| 16 | B.A. B.Ed | 4 YEARS | 37500 | 35500 | 35500 | 25000 | 6 |
| 17 | B.El.Ed | 4 YEARS | 37500 | 35500 | 35500 | 25000 | 6 |
| 18 | B.F.A. | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 19 | B.VOC. | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 20 | B.COM. LLB | 5 YEARS | 37365 | 34955 | 34955 | 30000 | 3 |
| 21 | B.Sc. Jewellery Designing | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 22 | B.SC. (C.S.) | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 23 | B.SC. (C.S.) Honours (CBCS) | 3 YEARS | 39000 | 37000 | | 26500 | 6 |
| 24 | B.A. LL.B/LL.B. 5 YEARS | 5 YEARS | 37365 | 34955 | 34955 | 30000 | 3 |
| 25 | B.A. (HONOURS) ECO. | 3 YEARS | 26365 | 23955 | | 20000 | 2 |
| 26 | B.COM (HONOURS) | 3 YEARS | 26365 | 23955 | | 20000 | 2 |
| 27 | B.SC. (HONOURS CHEMSTRY) | 3 YEARS | 37500 | 35500 | | 25000 | 6 |
| 28 | (B.L.I.SC) BACHELOR OF LIBRARY & INFORMATION SCIENCE | 1 YEARS | 37500 | | | 25000 | 6 |
| 29 | B.TECH. | 4 YEARS | 85000 | 80000 | 80000 | 72500 | 5 |

Note :-

1. Fees decided by competent govt. authority for any subject will be final & obligatory.
2. Tuition Fees for B.M.L.T., B.P.T., B.O.T., B.R.D.I.T., B.Sc. (Nur.), B.S.c. (OPT), P.Basic Nursing are Rs. 6000/- Per month as fixed by U.P. State Medical Faculty.
3. Fees for B.Ed is Rs. 52000/- for Ist Year and Rs. 30000/- for IInd Year as Fixed by Govt. authority.

**CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT**

**ANNUAL FEE STRUCTURE OF UNIVERSITY CAMPUS AND COLLEGES**

**FOR SELF FINANCED PG COURSES**

| S.NO. | COURSE NAME | COURSE DURATION | FEES IN 1ST YEAR (INCLUDING ONE TIME FEE) | FEE IN 2ND & IIIRD YEAR | FEE IN IV & Next Year | TUITION FEE | ANNEXURE NO. IN WHICH OTHER FEE DETAILS ARE SHOWN |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M.COM. (CBCS) | 2 YEARS | 17365 | 14955 | | 12000 | 1 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | MASTER OF FINE ARTS (PAINTING) | 2 YEARS | 40000 | 38000 | | 27500 | 6 |
| 3 | M.Sc. (HOME SCIENCE ) (FOOD AND NUTRITION) | 2 YEARS | 40000 | 38000 | | 27500 | 6 |
| 4 | M.Sc. (HOME SCIENCE (HUMAN DEVIOPMENT) | 2 YEARS | 40000 | 38000 | | 27500 | 6 |
| 5 | M.Sc. (BIOTECHNOLOGY) | 2 YEARS | 57000 | 55000 | | 44500 | 6 |
| 6 | M.Sc. (APPLIED MICROBIOLOGY) | 2 YEARS | 57000 | 55000 | | 44500 | 6 |
| 7 | M.Sc. (MEDICAL MICROBIOLOGY) | 2 YEARS | 78500 | 76500 | | 66000 | 6 |
| 8 | M.SC. (MICROBIOLOGY) | 2 YEARS | 57000 | 55000 | | 44500 | 6 |
| 9 | M.Sc. (COMPUTER SCIENCE) | 2 YEARS | 57000 | 55000 | | 44500 | 6 |
| 10 | M.ED. | 2 YEARS | 51500 | 49500 | | 39000 | 6 |
| 11 | M.P.E.S. | 2 YEARS | 59000 | 57000 | | 45000 | 7 |
| 12 | M.P. ED. | 2 YEARS | 59000 | 57000 | | 45000 | 7 |
| 13 | M.I.S. | 2 YEARS | 55865 | 53455 | | 49500 | 4 |
| 14 | M.I.B. | 2 YEARS | 58365 | 55955 | | 52000 | 4 |
| 15 | M.B.E. | 2 YEARS | 58365 | 55955 | | 52000 | 4 |
| 16 | M.B.A. | 2 YEARS | 58365 | 55955 | | 52000 | 4 |
| 17 | M.B.A. (HOSPITAL ADMI.) | 2 YEARS | 61865 | 59455 | | 55500 | 4 |
| 18 | M.B.A. (HOSPITAL ADMI.)/INTEGRATED | 5 YEARS | 36365 | 33955 | 59455 | 30000 (1st 3 Years) / 55500 (Last 2 Years | 4 |
| 19 | L.L.M. | 2 YEARS | 40365 | 37955 | | 35000 | 1 |
| 20 | M.A. (PUBLIC ADMINISTRATION) | 2 YEARS | 18565 | 16155 | | 13200 | 1 |
| 21 | M.A. (SANSKRIT) | 2 YEARS | 10865 | 8455 | | 5500 | 1 |
| 22 | MASTER OF SOCIAL WORK | 2 YEARS | 34365 | 31955 | | 27000 | 3 |
| 23 | M.A./M.SC. (GEOGRAPHY) | 2 YEARS | 11865 | 9455 | | 5500 | 4 |
| 24 | M.A. (MASS MEDIA) | 2 YEARS | 34365 | 31955 | | 27000 | 3 |
| 25 | M.Sc. AG. (FOOD SCIENCE & TECHNOLOGY) | 2 YEARS | 44865 | 42455 | | 37500 | 3 |
| 26 | M.Sc. AG. (SEED SCIENCE & TECHNOLOGY) | 2 YEARS | 39365 | 36955 | | 32000 | 3 |
| 27 | M.SC. AG. (ENTOMOLOGY) | 2 YEARS | 44865 | 42455 | | 37500 | 3 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | M.SC. AG. (PLANT PATHOLOGY | 2 YEARS | 44865 | 42455 | | 37500 | 3 |
| 29 | M.Sc. (BIOINFORMATICS) | 2 YEARS | 54865 | 52455 | | 47500 | 3 |
| 30 | M.Sc. (BIO-CHEMISTRY) | 2 YEARS | 44865 | 42455 | | 37500 | 3 |
| 31 | M.Sc. (POLYMER SCIENC & CHEMICAL TECHNOLOGY) | 2 YEARS | 44865 | 42455 | | 37500 | 3 |
| 32 | M.SC. (ENVIRONMENTAL SCIENCE) | 2 YEARS | 34865 | 32455 | | 27500 | 3 |
| 33 | M.PHIL. IN JOURNALISM AND MASS COMM. | 1 YEARS | 42500 | 40500 | | 30000 | 6 |
| 34 | MASTER OF LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE | 1 YEARS | 39250 | | | 26750 | 6 |
| 35 | MASTER OF JOURNALISM & MASS COMM. | 2 YEARS | 40000 | 38000 | | 27500 | 6 |
| 36 | M.A. | 2 YEARS | 14365 | 11955 | | 9000 | 1 |
| 37 | M.COM. | 2 YEARS | 14365 | 11955 | | 9000 | 1 |
| 38 | M.SC. | 2 YEARS | 15365 | 12955 | | 9000 | 2 |
| 39 | M.SC. (HOME SCIENCE) | 2 YEARS | 40000 | 38000 | | 27500 | 6 |
| 40 | M.SC. (AG.) | 2 YEARS | 15365 | 12955 | | 9000 | 2 |
| 41 | M.Phil (Education) | 1 YEARS | 42500 | 40500 | | 30000 | 6 |
| 42 | PH.D. | 3 YEARS | 47500 | 45500 | | 35000 | 6 |
| 43 | M.C.A. | 3 YEARS | 55000 | 50000 | | 42500 | 5 |

Note :- 1. Fees decided by competent govt. authority for any subject will be final & obligatory.
2. Tuition Fees for M.P.T., M.Sc. (Nur.), are Rs. 9000/- per month as fixed by U.P. State Medical Faculty.

**CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT**

**ANNUAL FEE STRUCTURE OF UNIVERSITY CAMPUS AND COLLEGES**

**FOR SELF FINANCED DIPLOMA COURSES**

| S.NO. | COURSE NAME | COURSE DURATION | FEES IN 1ST YEAR (INCLUDING ONE TIME FEE) | FEE IN 2ND YEAR & NEXT | TUITION FEE | ANNEXURE NO. IN WHICH OTHER FEE DETAILS ARE SHOWN |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVANCE DIPLOMA IN FRENCE LANGUGE AND LITERATURE | 1 YEAR | 20365 | 17955 | 15000 | 1 |
| 2 | DIPLOMA IN FRENCH LANGUAGE | 1 YEAR | 17365 | 14955 | 12000 | 1 |
| 3 | CERTIFICATE OF PROFICIENCY IN FRENCH | 1 YEAR | 15365 | 12955 | 10000 | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | DIPLOMA IN PSYHOLOGICAL COUNSELLING | 1 YEAR | 35365 | 32955 | 30000 | 1 |
| 5 | DIPLOMA IN URDU PROFICIENCY | 1 YEAR | 10865 | 8455 | 5500 | 1 |
| 6 | POST-GRADUATE DIPLOMA IN G.I. S. AND REMOTE SENSING | 1 YEAR | 45965 | 43555 | 39600 | 2 |
| 7 | POST-GRADUATE DIPLOMA IN YOGA EDUCATION | 1 YEAR | 36365 | 33955 | 30000 | 2 |

उक्त के कम में मुझे आपसे यह कहने का निर्देश हुआ है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मान्य फीस के अनुपालन में नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
01. सचिव प्रतिकुलपति को मा0 प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
02. प्रभारी कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
03. डी0एस0डब्लू, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक हेतु प्रेषित।
04. प्रभारी प्रवेश प्रवक्ता को सूचनार्थ एवं अवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. प्रभारी वेबसाईट को इस आशय के साथ प्रेषित की कृपया उक्त पत्र को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करें।
06. समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
07. निदेशक, एस0सी0आर0आई0ई0टी0, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।

कुलसचिव